बरेली। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप के समापन दिवस पर एक विशेष रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इनटेलीजेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को भविष्य की तकनीक से जोड़ना, नवाचार के लिए प्रेरित करना और महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तकनीकी समाधानों की समझ देना था। कार्यक्रम का संचालन अर्चना राजपूत जी ने किया, जबकि उप प्रधानाचार्या अनु पाराशरी जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ॐआज की बेटियाँ तकनीकी दुनिया में आगे बढ़कर आत्मनिर्भरता और सुरक्षा दोनों का प्रतीक बन रही हैं। कार्यशाला का तकनीकी नेतृत्व रोबोटिक्स एवं कंप्यूटर साइंस विशेषज्ञ देवांश सरस्वत द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्राओं को सेंसर्स, रोबोटिक्स के सिद्धांत, कोडिंग और महिला सुरक्षा प्रोजेक्ट्स की लाइव ट्रेनिंग दी। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने छात्राओं को ,द्ब की अवधारणा और इसके भविष्य के प्रयोग पर जानकारी दी। छात्राओं ने अपने हाथों से अल्ट्रासोनिक सेंसर आधारित स्मार्ट डस्टबिन, मोबाइल ऑपरेटेड रोबोट कार, और अन्य महिला सुरक्षा से जुड़े नवाचार प्रोजेक्ट्स बनाकर स्वयं उनका संचालन करना सीखा। यह कार्यशाला छात्राओं के लिए तकनीकी जागरूकता, आत्मविश्वास और नवाचार का संबल बनकर सामने आई।

# शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। हिंदू युवा वाहिनी भारतके सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं



कार्यकर्ताओं के द्वारा आज 11 जून 25 को बीसलपुर रोड कमुआ मोड़ तिराहा बीसलपुर रोड बरेली में आंवला जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह पटेल के द्वारा शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हिन्दू युवा वाहिनी भारत के जिला अध्यक्ष बरेली अजय पटेल, जिला प्रभारी बरेली मयंक गंगवार, बिबेक राणा प्रदेश उपाध्यक्ष, ऋषि सिंह प्रदेश मंत्री, मनोज गंगवार पीलीभीत जिलाध्यक्ष, प्रकाश रावत जिला मीडिया प्रभारी, गोपाल वर्मा प्रदेश महासचिव सर्वेश कश्यप, सुनील कुमार बीडीसी, देशराज पटेल पूर्व बीडीसी, वीरपाल सिंह कमुआ, सौरव, हरीश, मोहनलाल पूर्व प्रधान, वीरु पटेल, लोकेश पटेल एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# कुछ न कह पाई बच्ची... दर्द समेटे आठवें दिन कह गई अलविदा; टॉफी के बहाने बुलाकर दरिंदगी कर जंगल में था फेंका

चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते मंगलवार (तीन जून) को तीन साल की मासूम के साथ एक शादीशुदा युवक सुनील निषाद ने टॉफी और पान मसाला लाने का झांसा देकर उसे अपने घर बुलाया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे जंगल में फेंक आया था। मासूम तो बस टॉफी लेने गई थीजकिसी को क्या पता था कि लौटकर कभी मां की गोद में मुस्कराएगी भी नहीं। तीन साल की नन्ही बच्ची को दरिंदे ने ऐसी सजा दी कि इंसानियत भी शर्म से झुक गई। फिर भी बच्ची ने हिम्मत नहीं हारी और पूरे आठ दिन तक कानपुर के हैलट अस्पताल में जिंदगी से जंग लड़ती रही। आखिरकार... माता-पिता और इलाज कर रहे डॉक्टर से मासूम कुछ कह भी नहीं पाई और आंखों में दर्द समेटकर दुनिया को आठवें दिन बुधवार को अलविदा कह गई। चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते मंगलवार (तीन जून) को तीन साल की मासूम के साथ एक शादीशुदा युवक सुनील निषाद ने टॉफी और पान मसाला लाने का झांसा देकर उसे अपने घर बुलाया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। जब वह बेहोश हो गई तो आरोपी ने उसे मछली रखने वाले थर्माकोल के बॉक्स में भरकर साइकिल पर रख लिया और गांव से लगभग 10 किलोमीटर दूर जंगल में मरा समझकर फेंक आया।रात दो बजे जंगल से मिली मासूम परिजनों ने बच्ची की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। जब शाम होते-होते बच्ची का पता न चला, तो परिजनों ने चिल्ला पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रात करीब दो बजे जंगल से मासूम को बेहोशी की हालत में बरामद किया। शरीर पर चोटों के निशान थे, और आंखों में डर समाया हुआ था। उसे तुरंत जिला अस्पताल, फिर रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, और वहां से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया। आठ दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच झूलने के बाद बुधवार को मासूम ने दम तोड़ दिया। तीन डॉक्टरों के पैनल से हुआ पोस्टमार्टम, गांव में बढ़ाई गई सुरक्षा कानपुर प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन डॉक्टरों का विशेष पैनल गठित कर बच्ची का पोस्टमार्टम कराया। परिजन इस समय कानपुर में ही हैं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि परिजन अंतिम संस्कार कानपुर में करें या बांदा लाएं, यह उनका निर्णय होगा। चिल्ला थाना क्षेत्र के गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों के जाम लगाने पर आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया था गिरफ्तार तीन जून मंगलवार को चिल्ला के एक गांव में बच्ची के साथ हुई हैवानियत के आरोपी को पकड़ने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा था। रात में ही उन्होंने बांदा-कानपुर हाईवे पर जाम लगाया था। पुलिस ने बुधवार तड़के आरोपी सुनील निषाद को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी थी। इलाज के बाद बुधवार को जेल भेज दिया था। आरोपी सुनील निषाद के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, अपहरण, जानलेवा हमला समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसकी विवेचना चिल्ला थाना एसएसआई रामदिनेश तिवारी कर रहे हैं। बच्ची के मौत की वायरल हुई थी खबर, लगे थे सियासी आरोप-प्रत्यारोप तीन वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता मासूम के मामले में सियासी आरोप-प्रत्यारोप भी लगने शुरू हुए थे। सपा के पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद के मोबाइल फोन में सुबह करीब 10 बजे व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज वायरल हुआ था। मैसेज में साफ लिखा था कि दुष्कर्म पीड़िता की मौत हो गई है। बच्ची से हैवानियत करने वाला राज्यमंत्री का करीबी है। इस मैसेज का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मीडिया सेल में बयान जारी कर इसे अफवाह और बच्ची का इलाज जारी होने की बात कही थी। हालांकि, बाद में पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद ने बयान में कहा था कि उन्होंने इसे डिलीट कर दिया है। उधर, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मंत्री और सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास बताया था। बुधवार को कानपुर के हैलट अस्पताल में दुष्कर्म पीड़िता की मौत हो गई है। कानपुर प्रशासन से बात कर तीन डॉक्टरों के पैनल से मासूम के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। बच्ची के परिजन कानपुर में ही हैं। पोस्टमार्टम के बाद अगर वह अंतिम संस्कार बांदा में करना चाहेंगे तो शव यहां लेकर आएंगे। यहां पुलिस टीम तैनात है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराएं बढ़ाई जाएंगी। इस मामले की चार्जशीट वह जल्द से जल्द कोर्ट में दाखिल कराएंगे। आरोपी फिलहाल जेल में है। -पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक, बांदा।

# अब्दुल्ला आजम पर 4.64 करोड़ का जुर्माना- स्टांप चोरी में डीएम कोर्ट ने सुनाया था फैसला, अब जारी की गई आरसी

स्टांप शुल्क चोरी मामले में सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जमीनों में स्टांप शुल्क चोरी का दोषी पाए जाने पर डीएम कोर्ट ने उन्हें 4.64 करोड़ रुपये जुर्माना और डेढ़ फीसदी ब्याज समेत राशि जमा करने का आदेश दिया था। तय समय में भुगतान न करने पर अब उनके खिलाफ आरसी जारी कर दी गई है। स्टांप चोरी के मामले में फंसे सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने प्रशासन की ओर से लगाया गया 4.64 करोड़ रुपये के जुर्माने की राशि के साथ ही डेढ़ फीसदी ब्याज की राशि जमा नहीं की। अब उनके खिलाफ राजस्व विभाग की ओर से आरसी जारी की गई है।यह आरसी अब तहसील प्रशासन को भेज दी गई है। अधिकारियों को उनसे शीघ्र जुर्माना की राशि को वसूलने के आदेश दिए गए हैं। यह मामला वर्ष 2021-22 में घाटमपुर-बेनजीर क्षेत्र में खरीदी गई जमीनों से जुड़ा है। यहां पर सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम ने वर्ष 2021-2022 में जमीन के चार रकबे खरीदे थे।चार अलग-अलग जमीनों पर खरीदे गए स्टांप शुल्क पर चोरी का आरोप लगा था। वर्ष 2023 में तत्कालीन एसडीएम ने डीएम को इस मामले की रिपोर्ट भेजते हुए स्टांप शुल्क चोरी की रिपोर्ट भेजी थी। इसके बाद डीएम कोर्ट में मामले को दर्ज किया गया था। डीएम कोर्ट में सुनवाई चली थी। आठ अप्रैल को डीएम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए स्टांप चोरी का दोषी माना था। डीएम कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को तीन अलग जमीनों के मामलों में स्टांप चोरी का दोषी माना था। उन पर डीएम कोर्ट ने उन पर 4.64 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। डीएम कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को डेढ़ फीसदी ब्याज के साथ धनराशि जमा करने के आदेश दिए थे लेकिन इसके लिए एक माह का वक्त दिया गया था। समयवधि पूरी होने के बाद भी अब्दुल्ला आजम ने कोर्ट में धनराशि जमा नहीं की। इसके बाद प्रशासन की ओर से उनके खिलाफ आरसी जारी कर दी गई है। राजस्व विभाग की ओर से यह आरसी तहसील प्रशासन को भेज दी गई है। अफसरों से कहा गया है कि आरसी जारी होने के बाद जुर्माना की राशि मय ब्याज के वसूल की जाए। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) प्रेम किशोर पांडे ने बताया कि प्रशासन की ओर से जुर्माना राशि जमा न करने पर आरसी जारी की गई है। अधिकारियों को जुर्माना की राशि मय ब्याज के वसूलने को कहा गया है।



# हार के बाद मुनीर बने फील्ड मार्शल, विपक्ष पर हमला करते हुए सांसद सुधांशु बोले- भारत में फेल्ड मार्शल

प्रबुद्ध समागम में शिरकत करने आगरा आए राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि देश में जश्न मनाने वाले फेल्ड मार्शल भी हैं, जो 99 सीट आने पर जश्न मनाते हैं।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी बुधवार को प्रबुद्ध समागम में आगरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया। मीडिया से वार्ता में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चाइनीज डिफेंस कंपनीज के स्टॉक गिरे हैं, जबकि भारतीय डिफेंस कंपनीज के स्टॉक में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ही ऐसा देश है, जहां हार के बाद मुनीर फील्ड मार्शल बने हैं। इसी तरह भारत में तीन हार के बाद भी जश्न मनाने वाले फेल्ड मार्शल भी हैं, जो 99 सीट आने पर जश्न मनाते हैं। वह बोले, इंडी गठबंधन नाम रख लेने से कुछ नहीं होता है। उनके दिल में पाकिस्तान के प्रति हमदर्दी है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चाइना की वेपनरीज पहली बार रियल वॉर में यूज हुई। जो फेल साबित हुई। चाइना मेड और पाकिस्तान की एंटी मिसाइल सिस्टम की क्षमता होती तो 177 किलोमीटर पाकिस्तान के अंदर हम जाकर मार नहीं सकते थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद चाइनीज डिफेंस कंपनी के स्टॉक गिरे, जबकि भारतीय डिफेंस कंपनी के स्टॉक 14 से 22 प्रतिशत तक बढ़े। पिछले साल एचएएल ने 23 हजार करोड़ का रेवन्यू पाया।




80 हजार करोड़ के आर्डर आनलाइन हैं। 11 साल में किए गए विकास अब युग का प्रतीक भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बताया कि पीएम मोदी की सरकार ने पढ़ाई, कमाई और दवाई की व्यवस्था बेहतर की है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा में युग परिवर्तन हुआ है। कहा कि 34 किलोमीटर प्रतिदिन नेशनल हाईवे बन रहे हैं। रेलवे रूट का पूरी तरह से विद्युतीकरण हुआ। एयरपोर्ट की संख्या दोगुने से अधिक हुई। 23 एम्स, 8 नए आईआईटी, 7 नए आईआईएम, 490 से अधिक विश्वविद्यालय और 325 मेडिकल कालेज बने हैं। 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आए। आज आतंकवाद की वारदात दक्षिण कश्मीर के 4 जिलों तक सिमटकर रह गई हैं। वर्ष 2016 में थल सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंक के अड्डों को समाप्त किया। 2019 में एयफोर्स ने बालाकोट में आतंकियों का लांचपेड नष्ट किया। हाफिज से भी बड़े मुहाफिज बनने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जो बयान दिया है, वह पाकिस्तान के आर्मी चीफ, रक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री, आतंकी संगठनों के हाफिज सईद और मसूद अजहर ने भी नहीं कहा कि भारत ने सरेंडर किया। राहुल गांधी पाकिस्तान में मीडिया की सुर्खियां बटोरने के चक्कर में आज हाफिज से भी बड़े मुहाफिज बनने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर भी कहा कि उन्होंने कई बयान दिए थे। मुनीर दुनिया में जंग हारने के बाद फील्ड मार्शल बने। हमारे देश में भी ऐसे लोग हैं। जो उनकी बात में सुर में सुर मिलाते हैं। चुनाव में पराजय के बाद जीत का जश्न मनाते हैं। वहां फील्ड मार्शल हैं, यहां फेल्ड मार्शल हैं। बिहार और पश्चिम बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बिहार व पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव पर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों राज्यों का दौरा किया है। इन दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकार बनेगी। वह बांग्लादेश के हालात और शेख हसीना को सौंपे जाने के सवाल पर भी बोले। कहा कि यह निर्णय विदेश मंत्रालय करेगा। बांग्लादेश के नागरिकों के साथ उनकी सहानुभूति है। बांग्लादेश में सेना और खालिदा जिया चुनाव कराने की मांग कर रही हैं, लेकिन यूनुस इससे इनकार कर रहे हैं। केवल जमात-ए-इस्लामी और कट्टरपंथी नजर आ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कलिंगा कंपनी के जीएम से मांगी 10 लाख की रंगदारी, कार रोक दी धमकी; ड्राइवर की सूझबूझ से पांच अरेस्ट

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग कार रोककर कलिंगा कंपनी के जीएम को धमकी दे रहे थे। 10 लाख की रंगदारी भी मांगी। सोनभद्र के एनसीएल



खड़िया में ओबी हटाने का काम कर रही कलिंगा कंपनी में नौकरी के लिए मनबढ़ों ने बुधवार की रात लोढ़ी टोल प्लाजा के पास कंपनी के जीएम को घेर लिया। उनकी कार रोककर धमकी दी। मोबाइल भी छीन लिया।वह बचने के लिए भागे तो मनबढ़ पीछा करते हुए पुलिस लाइन की तरफ पहुंच गए। एसपी के निर्देश पर हरकत में आई रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।खड़िया परियोजना में ओवरबर्डेन (ओबी) हटाने का काम कलिंगा कंपनी को मिला है। यह कार्य करोड़ों का है। इसके लिए कंपनी में हेल्पर, ऑपरेटर, सुपरवाइजर सहित कई पदों पर चयन चल रहा है। कोल इंडिया से स्वीकृत मोटे वेतन और सुविधाओं की चाह में हर कोई इस नौकरी को पाने के लिए जोर आजमाइश कर रहा है। कई संगठनों की ओर से आंदोलन भी किया जा चुका है। पुलिस ने की कार्रवाई कंपनी के जीएम बुधवार को रॉबर्ट्सगंज आए थे। देर शाम लौटते समय लोढ़ी में अचानक काले रंग की स्कॉर्पियो से सवार पांच-छह लोग पहुंचे और उनकी कार को रोक लिया। ड्राइवर ने कारण जानना चाहा तो मनबढ़ों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। वह कंपनी में अपने चहेतों को नौकरी देने और 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग कर रहे थे। मौके की स्थिति भांपते हुए चालक ने कार को भगाते हुए पुलिस लाइन की ओर मोड़ दिया तो मनबढ़ भी कार का पीछा करने लगे। इस बीच जीएम ने एसपी को फोन पर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घेरेबंदी कर पांच युवकों को पकड़ लिया। प्रभारी कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि कार में जीएम मौजूद थे। उनके चालक अजय कुमार रजक की तहरीर पर संतोष पांडेय, सोनेंद्र सिंह, राकेश पांडेय, सतीश पांडेय और राजीव के विरुद्ध रंगदारी मांगने, धमकी देने सहित अन्य आरोपों में केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

### हैवानियत...42 वर्षीय व्यक्ति को जंगल में खींच ले गए दरिंदे, फिर बारी-बारी से किया ऐसा काम; कांप जाएगी रूह

आरोपी पीड़ित को बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गए। फिर बार-बारी से उसके साथ गलत किया। इसका वीडियो भी बना लिया।मैनपुरी के बेवर में 42 वर्षीय व्यक्ति के साथ कुकर्म के आरोप में दो सगे भाइयों सहित पांच लोगों के खिलाफ केस बेवर थाने में दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर यह कार्रवाई हुई है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया है कि 5 जून को दोपहर में वह अपने गांव से कुसमरा जा रहा था। रास्ते में परोंखा निवासी सुंदर पुत्र श्याम पाल और आकाश पुत्र नन्नू उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर परोंखा के जंगलों में ले गए। वहां सुशील निवासी परोंखा पहले से मौजूद था। तीनों ने मिलकर पीड़ित के साथ सामूहिक कुकर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। इसी दौरान, राजकुमार निवासी परोंखा और दिलीप निवासी लायकपुर भी वहां आ गए। इन दोनों ने भी डरा-धमकाकर पीड़ित के साथ गलत काम किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो सगे भाइयों समेत पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस पंजीकृत कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# जमीनी विवाद में महिला अधिवक्ता द्वारा अपने पट्टीदारों पर लगाया जा रहा फर्जी अमर्यादित आरोप बुर्जुग लगा रहा है अधिकारियों से न्याय की गुहार,

क्यूँ न लिखूँ सच-

सोरांव। प्रयागराज गंगा नगर के मऊआइमा थाना क्षेत्र के छीते मऊ गांव की रहने वाली एक महिला अधिवक्ता का उसके परिवार के लोगों से पुस्तैनी मकान व जमीन को ले कर पिछले कई दिनों से लगातार विवाद चल रहा है जिसके संबन्ध में न्यायालय में बाद भी विचाराधीन है जहां पीड़ित महंगू प्रसाद पुत्र बुद्धू राम निवासी छीते मऊ थाना मऊआइमा के द्वारा यह आरोप लगाते हुए एसीपी फूल पुर व डीसीपी गंगा नगर समेत मुख्य मंत्री से लिखित रूप से शिकायती प्रार्थना पत्र दे कर इंसाफ और न्याय की मांग की है कि उसके पुस्तैनी मकान के सहन दरवाजे पर हो रहे निर्माण को परिवार की ही एक महिला अधिवक्ता केशू प्रजापति व उसका पति शम्भु नाथ के द्वारा जबरन रोका जा रहा है और पीड़ित बुजुर्ग जो रिश्ते में महिला अधिवक्ता का बाबा लगता है उसके व उसके पुत्रों के खिलाफ मऊआइमा थाना फर्जी अमर्यादित आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराने का प्रयास किया जा रहा है वहीं पीड़ित द्वारा बताया गया कि उक्त महिला अधिवक्ता व उसके घर वाले आए दिन जान से मारने की धमकी देते है तथा छेड़ छाड़ व अन्य संगीन धाराओं में फसाने की धमकी देते रहते हैं।

# बाइक पर जबरन बैठने से मना किया तो युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

क्यूँ न लिखूँ सच- राकेशष्ट गुप्ता

कांधला। थाना क्षेत्र के ग्राम चढ़ाओ में उस समय सनसनी फैल गई जब सुबह क़रीब 9~30 बजे



एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, उमरदीन का पुत्र उस्मान जब अपने काम से बाइक द्वारा जा रहा था, तो गांव के ही एक युवक ने जबरदस्ती उसकी बाइक पर बैठने की कोशिश की।जब उस्मान ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करते हुए उस्मान पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उस्मान बेहोश होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर मौके पर दिलशाद पुत्र मंजूर सहित अन्य ग्रामीण पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी युवक फरार हो चुका था।घटना के बाद घायल उस्मान को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के पिता उमरदीन ने थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# शामली में महाकाल सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र श्री योगी रोहतास नाथ जी का भव्य स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच- राकेश गुप्ता

शामली में महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र श्री योगी रोहतास नाथ जी का भव्य स्वागत किया



गया महंत श्री योगी रोहतासनाथ जी के शामली आगमन पर हनुमान धाम पर पूजा अर्चना की गई और उनका स्वागत किया गया हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने योगी जी को अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया इस मौके पर उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने भी महान योगी रोहतास नाथ जी को शुभकामनाएं दी शामली में भक्तों ने महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन योगी रोहतासनाथ जी का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मां श्री योगी रोहतास नाथ जी ने अपने संदेश में कहा कि वह महाकाल सेना को मजबूत बनाने और हिंदू समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए काम करेंगे उन्होंने अपने समर्थको और भक्तों का आभार व्यक्त किया और उन्हें महाकाल सेना के साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित किया इस मौके पर राजकुमार मित्तल पुनीत द्विवेदी प्रमोद नामदेव अमित विश्वकर्मा रमेश विश्वकर्मा अमित पाल आदि मौजूद रहे

# पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने गठित किया लोक मोर्चा, खुद को घोषित किया सीएम पद का उम्मीदवार

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव के पहले कई दलों के साथ मिलकर मोर्चा बनाने



का फैसला किया। साथ ही उन्होंने खुद को सीएम का उम्मीदवार भी घोषित कर दिया। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने पंचायत चुनाव और डेढ़ वर्ष बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कई दलों के साथ मिलकर लोक मोर्चा का गठन किया है। बता दें कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा को छोड़कर समाजवादी पार्टी में चले गए थे, हालांकि सपा में उनका सियासी सफर लंबा नहीं चला और जनता पार्टी के नाम से अपना नया दल बना लिया था।बता दें कि लोक मोर्चा का गठन करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव फिर से लड़ने का फैसला लिया है। पूर्व मंत्री के निजी सचिव सज्जाद अली ने बताया कि लोक मोर्चा में सर्वसम्मति से स्वामी प्रसाद मौर्य को विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा सर्वसम्मति से घोषित किया गया है। वहीं लोक मोर्चा की आगामी रणनीति के बारे में स्वामी प्रसाद मौर्य बृहस्पतिवार को जानकारी देंगे।

# थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एलईडी टीवी व 15100/- रूपया किया बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच

थाना नैनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 118/2025 धारा 305(4) बीएनएस से सम्बन्धित आज दिनांक 11.06.2025 को थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगण 1. अमित पाल पुत्र रमाशंकर पाल निवासी मवईया गडरियान थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज 2. राहुल भारतीय पुत्र रामकैलाश निवासी इन्दलपुर थाना नैनी प्रयागराज को इन्दलपुर पाल मार्केट तिराहे के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की एलईडी टीवी व 15100/- रूपया बरामद किया गया । घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 05.06.2025 को वादी मुकदमा कैलाश नाथ पुत्र स्व0 सुखलाल कनौजिया निवासी महेवा पूरब पट्टी, पो0 कृषि संस्थान प्रयागराज की सूचना अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना



स्थानीय पर मु0अ0सं0 264/2025 धारा 305(ए) बी.एन.एस. बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । दिनांक 09.03.2025 को वादी मुकदमा शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र शिवाजी लाल निवासी म0नं0 30 गंगादीपनगर चकलाल मोहम्मद नैनी प्रयागराज की सूचना अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर में ताला तोड़कर 4000/- रूपया व अन्य सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 118/2025 धारा 305(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । दिनांक 05.06.2025 को वादी मुकदमा अभिषेक तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी निवासी गंगोत्रीनगर थाना नैनी प्रयागराज बावत अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला तोड़कर नकदी व अन्य सामान चोरी करने लेने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 266/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 11.06.2025 को थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगण 1. अमित पाल पुत्र रमाशंकर पाल उपरोक्त 2. राहुल भारतीय पुत्र रामकैलाश उपरोक्त को इन्दलपुर पाल मार्केट तिराहे के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की एलईडी टीवी व 15100/- रूपया बरामद किया गया ।उपरोक्त मुकदमों में विवेचना से धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी ।गिरफ्तार प्रकाश में आये अभियुक्त का विवरण -1. अमित पाल पुत्र रमाशंकर पाल निवासी मवईया गडरियान थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज उम्र 22 वर्ष 2. राहुल भारतीय पुत्र रामकैलाश निवासी इन्दलपुर थाना नैनी प्रयागराज उम्र 26 वर्ष बरामदगी का विवरण- 1. 01 अदद एलईडी टीवी माइल नं0 43स्त्र8200 कंपनी वन प्लस (अभियुक्तगण के कब्जे से) सम्बन्धित मु0अ0सं0 266/2025 थाना नैनी 2. 4600/- रूपया (अभियुक्त राहुल भारतीया के कब्जे से) सम्बन्धित मु0अ0सं0 264/20253. 2600/- रूपया (अभियुक्त राहुल भारतीया के कब्जे से) सम्बन्धित मु0अ0सं0 118/20254. 5400/- रूपया (अभियुक्त अमित पाल के कब्जे से) सम्बन्धित मु0अ0सं0 264/2025 5. 2500/- रूपया ( अभियुक्त अमित पाल के कब्जे से )सम्बन्धित मु0अ0सं0 118/2025 पूछताछ विवरण- यान अभियुक्त अमित पाल पुत्र रमाशंकर पाल निवासी मवईया गडरियान थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज उम्र 22 वर्ष पूंछने पर जुर्म स्वीकार करते हुए अपने गलती की माफी मांग रहा है तथा बता रहा है कि 02.06.2025 को रात्रि में मैं तथा राहुल भारतीया पुत्र रामकैलाश निवासी इंदलपुर थाना नैनी प्रयागराज महेवा पूरब पट्टी में एक बंद मकान का ताला तोडकर चोरी करने गये थे ।हम लोग सोने की 02 अंगूठी तथा 50,000/- रूपये ही चुरा पाये थे, तब तक कुत्ते भौकने की आवाज आने से हम लोग, पकड़े जाने की डर से वहाँ से भाग गये थे ।साहब हम लोग नशा करते है ।चोरी किये सोने की अंगूठी को राहगीर को औने पौने दाम में बेच दिये थे, जो पैसा मिला था, आपस में बाट लिये थे । चोरी किया गया 50000/- रूपया भी आपस में बराबर बराबर बांट लिये थे ।साहब जो पैसा मिला था, वो खर्च हो गया, उसी में से 5400/- रूपये आज मेरे पास से बरामद हुआ है तथा दिनांक 08.03.2025 को दिन में गंगादीप नगर चकलाल मौहम्मद कालोनी में एक घर में ताला बंद था जिसमे हम लोग मिलकर ताला तोड़ कर चोरी किये थे। जिसमें 2500/- रूपया मेरे पास से बरामद हुये है, शेष रूपये खर्च हो गये थे दिनाकं 04.06.2025 को रात्रि में हम लोग गंगोत्री नगर कालोनी में एक बंद मकान का ताला तोडकर कुछ सोने के गहने तथा एक टीवी हम लोगों ने चुराए थे इसको बेचने के लिये ले जा रहे थे जो आप लोगों ने पकड लिया है हम लोगों को उस घर में रुपये नहीं मिले थे तथा कपडों को पकडे जाने के डर से जला दिये थेशेष सफाई मैं जरिए अधिवक्ता माननीय न्यायालय में देना बताया ।बयान अभियुक्त राहुल भारतीया पुत्र रामकैलाश निवासी इंदलपुर थाना नैनी प्रयागराज उम्र करीब 26 वर्ष पूंछने पर जुर्म स्वीकार करते हुए अपने गलती की माफी मांग रहा है तथा बता रहा है कि 02.06.2025 को रात्रि में मैं तथा अमित पाल पुत्र रमाशंकर पाल निवासी मवईया गडरियान थाना औधोगिक क्षेत्र प्रयागराज महेवा पूरब पट्टी में एक बंद मकान का ताला तोडकर चोरी करने गये थे ।हम लोग सोने की 02 अंगूठी तथा 50,000/- रूपये ही चुरा पाये थे, तब तक कुत्ते भौकने की आवाज आने से पकड़े जाने की डर से वहाँ से भाग गये थे ।साहब हम लोग नशा करते है ।चोरी किये सोने की अंगूठी को राहगीर को औने पौने दाम में बेच दिये थे, जो पैसा मिला था, आपस में बाट लिये थे । चोरी किया गया 50000/- रूपया भी आपस में बराबर बराबर बांट लिये थे । साहब जो पैसा मिला था, वो खर्च हो गया, उसी में से 4600/- रूपये आज मेरे पास से बरामद हुआ है तथा दिनांक 08.03.2025 को दिन में गंगादीप नगर चकलाल मौहम्मद कालोनी में एक घर में ताला बंद था जिसमे हम लोग मिलकर ताला तोड़ कर चोरी किये थे। जिसमें 2600/- रूपया मेरे पास से बरामद हुये है, शेष रूपये खर्च हो गये थे तथा दिनाकं 04.06.2025 को रात्रि में हम लोग गंगोत्री नगर कालोनी में एक बंद मकान का ताला तोडकर कुछ सोने के गहने तथा एक टीवी हम लोगों ने चुराए थे इसको बेचने के लिये ले जा रहे थे जो आप लोगों ने पकड लिया है हम लोगों को उस घर में रुपये रुपये नहीं मिले थे तथा कपड़ा पकड़े जाने के डर से जला दिये थे

## संक्षिप्त समाचार

# घर में घुस कर मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा (प्रयागराज) पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर हाथों में लाठी डंडा लेकर घर में घुस कर मारे पीटे जिससे कई को चोटें आयी है। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलेमपुर निवासनीय सुमित्रा देवी पत्नी बनवारी लाल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी हाथों में लाठी डंडा लेकर घर में घुस आए गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए तथा लाठियों से परिजनों को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए।सुमित्रा देवी ने मऊआइमा थाने में लालता प्रसाद,राम बाबू, श्याम बाबू, शिवबाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# भंडारे में गए युवक की बाइक चोरी थाने में तहरीर

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा ( प्रयागराज) मऊआइमा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में कमी के बजाय बढ़ोत्तरी होती जा रही है। ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र रमेश चन्द्र अपनी बाइक लेकर मंगलवार को रात ग्राम महमदपुर सराय अली तपस्वी बाबा मन्दिर में भंडारे में गया था। धर्मेन्द्र कुमार के अनुसार वह बाइक खडी करके भंडारे से जैसे वापस लौटा बाइक नदारद थी। भुक्तभोगी ने बुधवार को मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# रंगेहाथ पकड़े गए चोर को पुलिस ने छोड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रयागराज यमुनानगर क्षेत्र के थाना नैनी के अंतर्गत दिनदहाड़े गंगोत्री नगर में अमित इलेक्ट्रॉनिक के गोदाम में लोहे के एंगल की चोरी करते हुए एक युवक को स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ा गया और फिर मोहल्ले के लोगों ने चौकी इंचार्ज चंद्रिका यादव और फिर 112 डायल कर पुलिस के हाथों उक्त चोर को सुपुर्द कर दिया लेकिन उसके बावजूद भी 112 नंबर की पुलिस ने घटनास्थल से 200 मीटर आगे ले जाकर उक्त चोर को छोड़ दिया और उक्त चोर पुन: कुछ देर बाद मोहल्ले में दिखाई पड़ा जिससे लोगों में डर का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही है।

## तापमान का कहर हुआ चालू खड़ी गाड़ी अपने आप धु धु करके जलने लगी

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रयागराज डान्डी गंगोत्री नगर में वैष्णो वाटिका के सामने सत्यम नाम के व्यक्ति जो अल्लापुर का रहने वाला है और यहां गंगोत्री नगर मैं



काम करता था जिसकी गाड़ी में अपने आप स्वत धुप मे खड़े खड़े आग लग गई और गाड़ी देखते ही देखते जलने लगी जिससे वहां खड़े लोगों में अफ़रा तफरी मच गई मौके पर वही खड़े एक दुकानदार ने पाइप लेकर बाइक में पानी डालना शुरू किया और आग् पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया

# फलस्तीन के युद्ध प्रभावित लोगों को हमीरपुर से भेजी गई आर्थिक मदद... लखनऊ पुलिस एक्शन में, सात से पूछताछ

बुधवार को लखनऊ पुलिस की स्पेशल टीम ने सात लोगों पूछताछ की है।फलस्तीन में हुए युद्ध से प्रभावित लोगों को जनपद से आर्थिक मदद भेजने का मामला



प्रकाश में आया है। बुधवार को लखनऊ पुलिस की स्पेशल टीम ने सात लोगों पूछताछ की है।बुधवार देर शाम करीब आठ बजे मोबाइल नंबर, आधार कार्ड व जरूरी दस्तावेज लेने के बाद सभी को छोड़ दिया गया। मौदहा की एक संस्था ने सहारनपुर जिले के एक स्वयं सेवी संगठन (एनजीओ) के जरिये आर्थिक मदद भेजी थी।बुधवार शाम लखनऊ से आई पुलिस की स्पेशल टीम ने अलग-अलग जगह से सात लोगों को हिरासत में लिया। सभी को मौदहा कोतवाली लाकर पूछताछ की गई। जानकारी मिली है कि इन लोगों ने फलस्तीन के साथ ही जहां युद्ध प्रभावित लोग हैं, वहां के लोगों को एनजीओ के जरिये आर्थिक मदद पहुंचाई जा रही है। इसमें हमीरपुर जिले से सहारनपुर के एक एनजीओ का नाम चर्चा में आ रहा है। इसी एनजीओ की कार्यकर्ता ने मौदहा की उस संस्था का जिक्र किया, जिसने मदद की और उसे अपने मोबाइल फोन के स्टेटस में धन्यवाद दिया था। इसी के बाद मामला पकड़ में आया और जांच शुरू हो गई। हालांकि जांच टीम ने कोई भी जानकारी साझा नहीं की है। एसपी डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने बताया कि मौदहा क्षेत्र के सात लोगों से लखनऊ से आई खुफिया टीम ने पूछताछ की है। टीम ने आवश्यक जानकारी लेने के बाद उन्हें जाने दिया है। इसके बाद टीम लखनऊ लौट गई। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव मदद की जाएगी

# Tomato Upma is best for both taste and health, prepare it quickly with this easy recipe

What to make in the morning that can be prepared quickly, tastes great and also takes care of health? Or should I get something that fills the stomach and also pleases the taste buds when I am slightly hungry in the evening? If such questions come to your mind too, then this recipe is for you. Here is Tomato Upma, which is so easy to make that you cannot even imagine. Are you also looking for something light, tasty and healthy to make for breakfast? Or do you want some quick snack to make when you are slightly hungry in the evening? If yes, then this recipe is for you. Yes, Tomato Upma is a dish that is a great combination of taste and health. It is very easy to make and it fills the stomach as well as gives you energy. Come, without delay, let's know the easy and quick recipe of this wonderful Tomato Upma. Ingredients to make Tomato Upma Semolina (Rava): 1 cup Tomatoes: 2 medium size (finely chopped or pureed) Onion: 1 medium size (finely chopped) Green chilies: 1-2 (finely chopped, according to taste) Ginger: 1 small piece (grated or finely chopped) Curry leaves: 7-8 leaves Mustard seeds: 1/2 tsp Chana dal: 1/2 tsp Urad dal: 1/2 tsp Peanuts: 1 tbsp (optional) Oil or Ghee: 2 tbsp Salt: according to taste Sugar: 1/2 tsp (optional, to enhance the taste) Coriander leaves: finely chopped (for garnish) Water: 2 to 2.5 cups (depends on the quality of semolina) Lemon juice: 1 tsp (optional) Method to make Tomato Upma First roast the semolina in a pan on low flame without oil or ghee till it becomes golden. Take it. Keep stirring it continuously so that it does not burn. Just after roasting, take it out in a plate. Now heat oil or ghee in the same pan. Add mustard seeds, when the mustard seeds start crackling, add chana dal and urad dal and fry till light golden. Now add peanuts (if adding), curry leaves, finely chopped onion, green chilies and grated ginger. Fry the onion till it becomes light pink. Now add finely chopped tomatoes (or tomato puree) and salt and mix well. Cook the tomatoes till it becomes soft and the oil starts separating. If you want, you can also add a little turmeric and red chili powder at this time. When the tomatoes are cooked, add water and sugar to it and then let the water come to a boil. After the water boils, reduce the flame and add the roasted semolina slowly while stirring continuously so that lumps do not form. After adding semolina, keep stirring it continuously till the semolina absorbs all the water and the upma thickens. Cover it and let it cook on low flame for 2-3 minutes so that the semolina swells well. Then finally, turn off the gas and add finely chopped coriander and lemon juice and mix well. Hot tomato upma is ready. You can also serve it with coconut chutney or pickle for breakfast.



# These 5 types of vegetables should be cooked in mustard oil only, you will get double dose of taste and health

The taste of some vegetables comes out only when cooked in mustard oil. Also, mustard oil is very beneficial for health. Let's know which 5 vegetables (Sabji you should always cook in mustard oil) should always be cooked in mustard oil so that their taste doubles and your health also gets benefit. Mustard oil is good for both taste and health Some vegetables taste more delicious in mustard oil Mustard oil also gives many benefits to health. It matters a lot in which oil you are cooking any dish. If the right oil is not used with the right dish, then its taste does not come out as much as it should. Usually nowadays refined oil is used to cook food in kitchens, but let us tell you that some vegetables (vegetables you must cook in mustard oil) should be cooked only in mustard oil. Actually, its pungent aroma and deep taste give a different taste to the food. Some vegetables give their real taste only when cooked in this oil. Today we will tell you about 5 such vegetables which should be cooked only in mustard oil. Brinjal Bharta Brinjal Bharta is a famous dish of North India, which doubles its taste when cooked in mustard oil. To make Bharta, brinjal is roasted directly on the flame and its pulp is extracted and then onion, tomato, green chilli, salt and mustard oil are added to it. Mustard oil adds a spiciness and aroma to this dish, which makes it even more delicious. Bitter gourd People often avoid bitter gourd vegetable due to its bitter taste, but cooking it in mustard oil reduces its bitterness and increases the taste. Bitter gourd is cut thinly and fried in mustard oil and cooked with onion, garlic, turmeric and spices. Mustard oil balances the taste of bitter gourd. Tinda Tinda vegetable is made very delicious when cooked in mustard oil. Peel and chop the tinda and cook it in mustard oil by adding cumin seeds, asafoetida, ginger-garlic paste and spices. Mustard oil gives a new dimension to the mild taste of tinda. Black gram curry Cooking black gram curry in mustard oil makes it even more tasty and healthy. Black chickpeas are soaked overnight and cooked in mustard oil with onions, tomatoes and spices. Mustard oil gives this curry a rich texture and pungent taste. Try eating it once with rice, you will remember its taste for a lifetime. Aloo ki Bhujia Aloo ki Bhujia is very popular in Bihar and Uttar Pradesh. Cooking it in mustard oil makes it taste crunchy and delicious. Finely chop the potatoes and fry them in mustard oil with cumin seeds, onions, turmeric, salt and red chilli until crispy.



# If you are over 30, then you must do these 5 yogasanas; many health problems will disappear

After the age of 30, the body gradually starts weakening. Therefore, after this age, there is a need to take more care of health. In such a situation, doing yoga for half an hour every morning can prove to be very beneficial to stay healthy. Let us know which 5 yogasanas (30 minute Yoga for beginners) should be done after 30. Doing yoga is beneficial for both physical and mental health. After 30, some special yogasanas must be done. Doing yoga strengthens the bones and also increases flexibility. After the age of 30, many types of changes start happening in the body. Bones start weakening, metabolism slows down, muscle flexibility decreases and many other complaints can start. In such a situation, doing yoga (Yoga for Beginners) can be beneficial to avoid all these problems. Actually, yoga is beneficial for both our physical and mental health. Therefore, doing yoga for some time every morning removes many health related problems. Let's know about 5 yoga poses (5 Yoga Poses To Do In Your 30s), which must be done after the age of 30. Surya Namaskar (Sun Salutation) Surya Namaskar is a complete yoga set of yoga, which includes 12 asanas. It activates the whole body, increases blood circulation and strengthens the muscles. Doing this controls weight, strengthens the digestive system and reduces stress and anxiety. Bhujangasana (Cobra Pose) This asana helps in making the spine flexible and strengthening the abdominal muscles. Doing this asana provides relief from back pain. Also, the capacity of the lungs increases and fat is also reduced due to the stretch on the stomach. Vajrasana (Thunderbolt Pose) This asana is very beneficial for the digestive system and can be done even after eating. This asana increases the digestive power. The knees and thighs get strengthened and the mind also gets peace, which reduces stress. Trikonasana (Triangle Pose) This asana is helpful in maintaining the balance of the body and strengthening the legs and waist. This asana also provides relief from back pain and strengthens the muscles of the legs. Also, doing this asana increases focus. Shavasana (Corpse Pose) This asana is done at the end of doing yoga, so that the body relaxes. It reduces stress and anxiety, keeps the mind calm and also relieves physical fatigue.





# 'Think again' Paresh Rawal's answer to the question of return in Hera Pheri 3, said- 'There are three heroes'

**The third part of the hit franchise Hera Pheri has come to a halt even before coming on the floor. Actor Paresh Rawal, who played the character of Babu Bhaiya in the film, has backed out of the film. Recently, he has made a cryptic post in the midst of leaving the film. Paresh Rawal out of Hera Pheri 3 Akshay Kumar was producing the film Paresh Rawal spoke on returning to Hera Pheri Hera Pheri is one of the most favorite comedy classic movies of all time. Both the films of this franchise have been successful and the third one was also announced recently. People were eager to see the trio of Babu Bhaiya, Raju and Shyam again. But now this will not happen. Paresh Rawal, who played the character of Babu Bhaiya in Hera Pheri, has recently backed out of the third film. Ever since his announcement, there is disappointment among the fans. Fans want Paresh to join Hera Pheri again. Recently, a fan posted tagging him, to which the actor has reacted. Paresh Rawal spoke on his return in Hera Pheri 3. Actually, a user wrote for Paresh Rawal on his x handle, "Sir, please think again. Join Hera Pheri movie again. You are one hero of the movie." Responding to this post, Paresh wrote, "No, there are three heroes in Hera Pheri." Why did Paresh Rawal leave the film?After 19 years, Priyadarshan was bringing Hera Pheri 3. It was being said that Akshay Kumar had bought the rights of the film and was investing money to make it. Sunil Shetty and Paresh Rawal also agreed to do the film. But Paresh backed out at the last moment. The reason for this was not getting a proper contract and script. It is being said that the actor was repeatedly asking Akshay for the script and long form contract, but was not being given. Well, there is no discussion yet about whether Hera Pheri 3 will be made or not. The film has been affected by Paresh Rawal's departure. A report was claiming that Pankaj Tripathi might replace Paresh Rawal. Now let's see whether this film gets made or not.**

# Why did Hina Khan wear a simple saree instead of a lehenga? This was the reason behind becoming a minimalistic bride



**Well-known television actress Hina Khan recently married her longtime boyfriend Rocky Jaiswal. Her wedding photos and videos are going viral on social media. Meanwhile, the actress has shared new photos of her wedding and told why she did not wear a lehenga. Hina Khan got married on June 4 Rocky Jaiswal is Hina Khan's husband Both met on the set of the show Yeh Rishta 'Yeh Rishta Kya Kehlata Hai's Akshara aka Hina Khan is now tied in marriage. She surprised everyone by suddenly marrying her longtime boyfriend Rocky Jaiswal. Hina did a civil marriage with Rocky in a simple manner without any noise and its glimpses spread like fire on social media. Hina Khan and Rocky Jaiswal are a popular TV couple. Both have always accepted their relationship publicly. But no one believed that both would suddenly get married in such a private way. Hina and Rocky not only got married in a simple way, but the actress also kept her bridal look minimalistic. New pictures of Hina Khan's wedding Recently, Hina Khan told why she kept her bridal look minimalistic. She has shared new pictures of her wedding, in which she looks very beautiful. She has also flaunted the names 'Hina and Rocky' written on her bridal dupatta. While sharing these pictures, Hina told why she ditched the lehenga, heavy jewellery and heavy makeup and opted for a simple bridal look. Hina Khan wrote in the caption, "It was a relief to see that I managed to be as minimalistic as I wanted to be on this beautiful and private day. No heavy lehenga, no too much makeup or heavy jewellery, no big hairstyle or too many accessories. I didn't need to do any of these because inside I was satisfied with the purity of love and care around me. That's all that mattered and it made me glow." Hina Khan's bridal look Hina Khan wore an opal green raw silk saree designed by Manish Malhotra at her wedding in which she looked very beautiful. The actress styled her look with minimal jewellery. Rocky, on the other hand, wore an off-white kurta-pyjama designed by Manish Malhotra.**

# 'OTT platforms have taken over everything', Dhanush's 'Kuberaa' threatened of crores cut



**Dhanush, who has shown his acting skills in South and Hindi films, is in the headlines these days for his upcoming films. Meanwhile, shocking news is coming about his most awaited film Kuberaa. It is being told that the OTT platform has threatened the makers regarding the release. OTT's ultimatum to 'Kuberaa' Film producer made a shocking revelation about cutting crores from Dhanush's film Dhanush, Nagarjuna and Rashmika Mandanna's film Kubera has been in the headlines for a long time. But meanwhile a big controversy related to the movie is coming to the fore. Producer Sunil Narang has revealed that Amazon Prime Video has threatened him due to delay in release. The film is going to be released in five languages ??and its budget is said to be Rs 120 crore. Let's know the whole story of this controversy. What is the whole controversy? Kubera producer Sunil Narang told Galte in an interview that Amazon Prime Video has taken a tough stand on the release date of the film. The film was earlier scheduled to release in April 2025, but due to delay in post-production, it was postponed to June 20, 2025. Sunil told that he asked Prime Video for a few weeks' time, but in response he has received a threat of a deduction of Rs 10 crore. Sunil said, "OTT platforms have taken over everything. Everything goes according to their wish." Increasing dominance of OTT Sunil Narang told that Telugu films usually come on OTT 28 days after release in theaters, sometimes it is stretched to 30 days. But OTT platforms are now playing a big role in deciding the release date. He said, "The film industry is finished in some cases. There is dependence on Qube Cinema for projection, BookMyShow for ticketing and OTT platforms for post-theatrical earnings." Sunil also said that the talk of reducing the fees of stars is wrong, because there are only 50 superstars in India's 145 crore population, who are like 'God'. Kubera: A Pan-India film Kubera is a pan-India social thriller, shot in Tamil and Telugu and will also be released in Hindi, Kannada, Malayalam. The story of the film revolves around a poor man (Dhanush) living in Dharavi slum of Mumbai, who becomes a mafia leader on the strength of hard work and ambition. Dhanush's character in the film is 'Deva', who runs after money and power. Nagarjuna is in a complex character, while Rashmika Mandanna will also be seen in an important role. Actors like Jim Sarbh and Dilip Tahil are also part of the film. The film is directed by Shekhar Kammula, who is known for his different stories. Sunil Narang and Puskur Rammohan Rao have produced it under the banner of Sri Venkateswara Cinemas and Amigos Creations. The digital rights of Kubera have been bought by Amazon Prime Video, which is the biggest non-theatrical deal of Dhanush's career. The teaser and poster of the film have been well received by the audience.**